Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

an>

Title : Regarding drought situation prevailing in Bundelkhand region of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : माननीय सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में वर्ा न होने के कारण पूरा बुन्देलखण्ड क्षेत्र सूखे की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि बुन्देलखण्ड के मानक से वहां मात्र 25 प्रतिशत वर्ा हुई है। वहां पानी का स्तर भी नीचे चला गया है जिसकी वजह से हैंडपम्प पानी नहीं दे रहे हैं, कुंएं सूख गए हैं, तालाबों में पानी नहीं है। ऐसे में किसानों की फसल सूख रही है।

महोदय, मध्य प्रदेश में भारी वर्ा हुई है। पाटीला बांध और माता टीला बांध में पानी ओवर हो गया है। इस पानी को नहरों द्वारा किसानों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि विदर्भ की तरह उत्तर प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र के लिए भी एक स्पेशल पैकेज देने की कृपा करें।